जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/1245 दिनांक : 29.11.2020

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्व शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विवविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

अति आवश्यक

विषयः- **एल.एल.बी पाठ्यक्रम के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी परीक्षार्थियों हेतु) परीक्षा जून-2020 के ऐसे परीक्षार्थी जिनके असाइनमेंट के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं है। चाहे उसका कोई भी कारण रहा हो के असाइनमेंट के अंक द्वितीय अवसर के रूप में दिनांक 10.12.2020 तक ऑनलाइन अपडेट किये जाने वावत्।**

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020।

महोदय/महोदया,

एल0एल0बी0 द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर के ऐसे सभी परीक्षार्थी जिन्होने परीक्षा जून-2020 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरा है, लेकिन किसी भी कारण से उन्हे असाइनमेंट परीक्षा में घोषित परीक्षा परिणाम में अनुपस्थित दिखाया गया है या उनके महाविद्यालय द्वारा असाइनमेंट के अंक अपडेट नहीं किये जाने के कारण परीक्षा परिणाम में अंक प्रदशित नही हो रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे सभी परीक्षार्थियों को द्वितीय अवसर प्रदान करते हुऐ उनके असाइनमेंट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को अपने अग्रेषण महाविद्यालय में जमा कर असाइनमेंट परीक्षा में सम्मलित होने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

अतः समस्त, महाविद्यालयों के प्राचार्यो को यह अवगत कराया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु किसी भी छात्र ने आपके महाविद्यालय से परीक्षा आवेदन पत्र भरा है, लेकिन असाइनमेंट परीक्षा में अनुपस्थित या अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं किये गये है। तो ऐसे सभी छात्रों से असाइनमेंट जमा कराकर विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर ऑनलाइन पोर्टल पर महाविद्यालय के लागिन आई0डी0 से आंतरिक असाइनमेंट के अंक अनिवार्य रूप से दिनाक **10.12.2020** तक मूल परीक्षा की प्रक्रिया अनुसार ऑनलाइन अपडेट करें।

विश्वविद्यालय द्वारा आपके ऑनलाइन पोर्टल पर ऐसे सभी छात्रों की कक्षावार विषयवार सूचियां प्रदर्शित कर दी गई हैं। जिनके अनुसार आप शीघ्रताशीघ्र आंतरिक असाइनमेंट के अंक अपडेट करने की कार्यवाही करें।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के असाइनमेंट के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। विश्वविद्यालय द्वारा असाइनमेंट के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थति में छात्र के आफलाइन असाइनमेंट के अंक मान्य नहीं किये जावेगें।

निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

1. समस्त,सम्पादक,स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु प्रेषित।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
6. प्रबंधक, माइक्रोनिक इन्फोटेक सर्विसेज प्रा.लि अजमेर, की ओर सैद्वांतिक परीक्षा में पूरक/ए0टी0के0टी परीक्षार्थियों के असाइनमेंट के अंक ऑनलाइन करने हेतु लिंक प्रदान करने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)